आकाशवाणी श्री विजयपुरम

28.05.2025 समय : 1850

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य—एम.एस.पी. में वृद्धि को मंजूरी दे दी है।
- वीर सावरकर जयंती के अवसर पर आज सी आर सी में दिव्याशा केन्द्र का उद्घाटन किया गया।
- आयकर रिटर्न—आई टी आर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है।
- सभी नियमित छात्रों के लिए कक्षा दसवीं और बारहवीं की पूरक परीक्षा के लिए संबंधित स्कूलों से उम्मीदवारों की सूची ऑनलाइन जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य—एम.एस.पी. में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में कहा कि सरकार ने विपणन सत्र 2025—26 के लिए खरीफ फसलों के एम एस पी में वृद्धि की है, ताकि किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025—26 के लिए संशोधित ब्याज छूट योजना के तहत ब्याज छूट को जारी रखने की मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को सस्ती ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीर सावरकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि आजादी के आंदोलन में वीर सावरकर के अदम्य साहस और संघर्ष की गाथा को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। देश के लिए उनका त्याग और समर्पण विकसित भारत के निर्माण में भी पथ—प्रदर्शक बना रहेगा।

कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, आज ब्रुक्शाबाद में दिव्याशा केन्द्र का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। समग्र क्षेत्रीय केन्द्र में आयोजित इस समारोह का उद्देश्य दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक यंत्र व उपकरण प्रदान करना था। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता मंत्रालय, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मंत्री बी एल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे विशेष अतिथि के तौर पर, साथ ही दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, समाज कल्याण सचिव एल कुमार, डॉ. अविजित रॉय और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विभिन्न स्थानों में प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंद लोगों को आसानी से उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। इस अवसर पर उनचास लोगों को उन्यासी सहायक यंत्र व उपकरण प्रदान किए गए, जिनकी लागत दो लाख पचहत्तर हजार दो सौ पचपन रूपये थी।

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, श्री विजयपुरम में भी स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर हवाई अड्डा निदेशक देवेंद्र यादव ने कहा कि वीर सावरकर स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत थे, जिन्होंने अंडमान की कालकोठरी को क्रांति की पाठशाला में बदल दिया था। कार्यक्रम में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, सी आई एस एफ, विभिन्न एजेंसियों के कर्मचारियों सहित यात्रियों ने भी भाग लिया।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से द्वीपसमूह के सभी क्षेत्रों में पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। पशुधन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, उत्पादकता को बढ़ावा देने और ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित की गई। रामकृष्णपुर के पशु चिकित्सा अस्पताल द्वारा पशु चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा, निवारक देखभाल, कृमि मुक्ति और बांझपन उपचार प्रदान करने के लिए एक सप्ताह का शिविर आयोजित किया गया। इसी तरह, पशु चिकित्सा अस्पताल, रंगत, वेबी, कैंपबेल बे, रंगाचांग, और मंगलूटान में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविरों के दौरान कुल 2394 पशुओं का कृमिनाशक उपचार किया गया।

<><><><><><><>

आयकर रिटर्न–आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के बयान में कहा गया है कि आई टी आर फॉर्म में महत्वपूर्ण संशोधन और लोगों को आवश्यक दस्तावेज हासिल करने का समय देने के लिए यह फैसला किया गया है। करदाताओं के लिए सहज और अधिक सटीक फाइलिंग सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।

<><><><><><><>

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई, ने सभी नियमित छात्रों के लिए कक्षा दसवीं और बारहवीं की पूरक परीक्षा के लिए संबंधित स्कूलों द्वारा उम्मीदवारों की सूची ऑनलाइन जमा करने को कहा है। निजी उम्मीदवारों से भी निर्धारित समय के भीतर सीबीएसई पोर्टल पर व्यक्तिगत रूप से फॉर्म ऑनलाइन जमा करने के लिए कहा गया है। विद्यार्थी तीस मई से सत्रह जून तक बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं। 18 और 19 जून तक आवेदन करने वाले विद्यार्थी विलम्ब शुल्क के साथ सीबीएसई की वेबसाइट पर दिए गए परीक्षा संगम लिंक के माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा पन्द्रह जुलाई को निर्धारित की गई है।

<><><><><><><>

प्रशासन के सभी विभागों में तिमाही मॉक ड्रिल अनिवार्य करने के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार, आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से कल मरीन पावर हाउस में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए विभाग की तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए स्वास्थ्य, परिवहन, लोक निर्माण विभाग, अंडमान निकोबार पुलिस और अग्निशमन विभागों के समन्वय में यह अभ्यास आयोजित किया गया। डीब्रीफिंग सत्र के दौरान, संसाधन विभागों के पर्यवेक्षकों ने कर्मचारियों को मॉक ड्रिल के बारे में जानकारी दी और कमियों की पहचान की। उन्होंने मॉक ड्रिल प्रक्रियाओं का पालन करने और संसाधनों को अपडेट करने को भी कहा।

<><><><><><><>

दूसरा स्वर्गीय टी. मोहन राव मेमोरियल ओपन शतरंज टूर्नामेंट आज आंध्रा एसोसिएशन हॉल में शुरू हुआ। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे ने शीर्ष बोर्ड पर पहली चाल चलकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में सांसद ने शतरंज के खेल को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने में अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन की सराहना की। उन्होंने द्वीपों में शतरंज को और बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। इस टूर्नामेंट में 6 से 75 वर्ष आयु वर्ग के कुल 154 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह आयोजन शास्त्रीय प्रारूप में हो रहा है। टूर्नामेंट 30 मई तक चलेगा।

उधर, नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित दूसरे नई दिल्ली ओपन इंटरनेशनल फिडे रेटेड ब्लिट्ज और रैपिड शतरंज टूर्नामेंट में कार्मल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के जिनसन सैमुअल ने अंडर–8 बॉयज ब्लिट्ज श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने रैपिड प्रारूप में अंडर–8 बॉयज श्रेणी में 8वां स्थान हासिल किया। विटाला पब्लिक स्कूल की प्रिया सिंह ने भी अंडर–12 गर्ल्स ब्लिट्ज श्रेणी में 7वां स्थान हासिल किया।

<><><><><><><>

कालीकट विश्वविद्यालय से संबद्ध फारूक कॉलेज, कोझीकोड, में यूजी और पीजी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वीपसमूह के मूल छात्रों के लिए एक–एक सीट आरक्षित है। कॉलेज में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों को विश्वविद्यालय केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। ऑनलाइन पंजीकरण फारूक कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से किया जाना चाहिए। छात्र सहायक दस्तावेजों और विश्वविद्यालय केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के साथ–साथ कॉलेज में पंजीकरण के प्रमाण के साथ आवेदन पत्र सचिवालय के विकास–चार अनुभाग में दस जून तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>